हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)

(वसंत) (पाठ 2) (शिव प्रसाद सिंह – दादी माँ)

(कक्षा 7)

प्रश्न अभ्यास

कहानी से

प्रश्न 1:

लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ – साथ बचपन की और किन–किन बातों की याद आ जाती है?

उत्तर 1:

लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ–साथ उनके द्वारा किए जाने वाले घरेलू इलाज और दादी के द्वारा उनके प्रति अथाह प्रेम की याद आ जाती है । वह सोचते हैं कि किस दादी उसे थोड़ा–थोड़ा ज्वर हो, सर में साधारण दर्द होने पर दिन–रात चारपाई के पास बैठी रहतीं ,कभी पंखा झलतीं, कभी जलते हुए हाथ–पैर कपड़े से सहलातीं, सर पर दालचीनी का लेप करतीं और बीसों बार छू–छूकर ज्वर का अनुमान करतीं।

प्रश्न 2:

दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी ?

उत्तर 2:

दादा की मृत्यु के बाद से ही दादी बहुत उदास रहतीं। संसार उन्हें धोखा मालूम होता। दादा की मृत्यु के बाद कुकुरमुत्ते की तरह बढ़ने वाले दोस्तों और शुभचिंतकों ने स्थिति और भी डाँवाडोल कर दी। दादा के श्राद्ध में दादी माँ के मना करने पर भी पिता जी ने अतुल संपत्ति व्यय की, । दादी माँ अकसर उदास रहा करतीं। माघ के दिन थे। कड़ाके का जाड़ा पड़ रहा था मैंने उनकी स्नेह–कातर आँखों में मैंने आँसू कभी नहीं देखे थे। घर की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के कारण मुझे दादी की आँखें में आँसू भी देखने पड़े ।

प्रश्न 3:

दादी माँ के स्वभाव का कौन सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों ?

उत्तर 3:

दादी माँ का सरल स्वभाव और सबकी मदद के लिए तैयार रहना मुझे सबसे अच्छा लगता है ।दादी माँ को गँवई–गाँव की पचासों किस्म की दवाओं के नाम याद थे। गाँव में कोई बीमार होता, उसके पास पहुँचतीं और वहाँ भी वही काम। हाथ छूना, माथा छूना, पेट छूना। फिर भूत से लेकर मलेरिया, सरसाम, निमोनिया तक का अनुमान विश्वास के साथ सुनातीं।

कहानी से आगे

प्रश्न 1:
आपने इस कहानी में महीनों के नाम पढ़े, जैसे क्वार, आषाढ़, माघ। इन महीनों में मौसम कैसा रहता है, लिखिए।

उत्तर 1:
क्वार के मौसम में बारिष और उसके बाद जगह–जगह पानी भरना और धरती से सोंधी–सोंधी सी महक आती है। और सूरज की गर्मी का प्रकोप भी रहता है । आषाढ़ के महीने में आम और जामुन की बहार रहती है । गर्मी भी खूब होती है ।

प्रश्न 2:
अपने–अपने मौसम की अपनी–अपनी बातें होती हैं'। लेखक के इस कथन के अनुसार यह बताइए कि किस मौसम में कौन–कौन सी चीजें सी चीजें विशेष रूप से मिलती हैं?

उत्तर 2:
लेखक के अनुसार गर्मी में आम लीची आढू आते हैं तो सर्दी में अमरूद और नाशपाती आदि फल बड़े ही स्वादिष्ट लगतें हैं ।